# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 8 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 8 2020

समय: 3 घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न को हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक (1x5x5= 25) अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 30 से 75 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 75 से 120 शब्द हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है , जिनमें दो भाग हैं , प्रथम प्रश्न 7 अंक का एवं द्वितीय प्रश्न के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 200 से 250 शब्द हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चनकर लिखिये-

(1) सूरसागर के रचयिता हैं-

(a) मीराबाई (b) तुलसीदास (c) सूरदास (d) कबीरदास।

(2) देवगढ़ के पुराने दीवान थे-

(a) शिवसिंह (b) अभयसिंह (c) सुजानसिंह (d) मोहनसिंह।

(3) वैदिक ऋचाएँ कौन होती हैं-

(a) माताएँ (b) ऋषि-मुनि (c) कोयलें (d) बेटियाँ।

(4) पहला पद संख्यावाची विशेषण होता है-

(a) बहुब्रीहि में (b) द्विगु में (c) द्वंद में (d) कर्मधारय में।

(5) जो सब कुछ जानता हो-

(a) सर्वज्ञ (b) जानकार (c) ज्ञानी (d) बहुज्ञानी।

उत्तर- (1) (c), (2) (c), (3) (d), (4) (b), (5) (a).

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए-

(1) रामधारी सिंह दिनकर की कविता में ................ है। (माधुर्यगुण/ओजगुण)

(2) 'मैं और मेरा देश' ................ है। (निबंध/कहानी)

(3) अमरकंटक की केन्द्रीय सत्ता तो ............... है। (गंगा/नर्मदा)

(4) अव्ययीभाव समास का उदाहरण ............... है। (आजीवन/नीलकमल)

(5) जिसके प्रति स्थाई भाव उत्पन्न हो, वह .......... कहलाता है। (उद्दीपन/आलम्बन)

उत्तर- (1) ओजगुण, (2) निबंध, (3) नर्मदा, (4) आजीवन, (5) आलम्बन ।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए-

(1) नदियाँ आगे चलकर सागर में परिवर्तित हो जाती हैं।

(2) सेठ गोविंददास का संबंध मध्यप्रदेश से है।

(3) माई की बगिया पहाड़ी ढलान पर है।

(4) 'जिसकी एक आँख हो' अंधा कहलाता है।

(5) प्रबंध काव्य में पूर्वा पर संबंध नही होता है।

उत्तर-(1) सत्य, (2) सत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) असत्य।

प्रश्न 4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए-

(1) गीता शास्त्र के महान उपदेशक कौन है ?

(2) ललित कलाओं का स्वभाव कैसा होता है?

(3) काँटे की मर्यादा क्या है ?

(4) नायक के संपूर्ण जीवन का चित्रण किस काव्य में मिलता है ?

(5) 'ईश्वर के अनेकों नाम हैं ?' वाक्य को शुद्ध कीजिए।

उत्तर- (1) श्रीकृष्ण जी, (2) फूल की तरह, (3) सख्त और तेज रहना,

(4) महाकाव्य, (5) ईश्वर के अनेक नाम हैं।

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए-

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| (1) वीरों का कैसा हो वसंत | (a) रामधारी सिंह दिनकर |
| (2) सच्चा धर्म | (b) घनश्याम |
| (3) सरस्वती | (c) सुभद्रा कुमारी चौहान |

(4) कुरूक्षेत्र (d) स्वर संधि

(5) विद्यालय (e) सेठ गोविंद दास।

उत्तर-(1) (C), (2)(e), (3) (b), (4) (a), (5)(d).

प्रश्न 6. माथे पर लगे टीके की तुलना किससे की है ?

अथवा

सूरदास ने निर्गुण की अपेक्षा सगुण को श्रेयस्कर क्यों माना है ?

प्रश्न 7. बच्चे के रेशमी बालों को कवि अपनी हथेलियों से क्यों स्पर्श करना नहीं चाहता?

अथवा

धन-दौलत का अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए ?

प्रश्न 8. 'निशाकाल से चिर अभिशापित' किसे कहा गया है?

अथवा

कवि के अनुसार किस प्रकार के वृक्ष के नीचे विश्राम करना चाहिए ?

प्रश्न 9. कर्मच्युत होने से क्या परिणाम होंगे ?

अथवा

मानव जिस ओर गया उधर क्या-क्या हुआ ?

प्रश्न 10. आक्रोश में आकर मजदूरों ने क्या किया ?

अथवा

'नई सभ्यता' कविता के कवि का नाम बताते हुए नई सभ्यता के स्वरूप को बताइए।

प्रश्न 11. आधुनिकता संप्रदाय का विरोध क्यों करती है ?

अथवा

वृत्तियों को वश में करने के लिए मनोविज्ञान ने कौन-से उपाय बतलाएँ हैं ?

प्रश्न 12. लेखक के अनुसार हमारे देश को किन दो बातों की सर्वाधिक आवश्यकता है?

अथवा

कृष्ण जन्म संबंधी कुछ तथ्य लिखिए।

प्रश्न 13. परीक्षा कहानी के आधार पर सुजान सिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

शिबू ने डाकुओं का प्रतिकार किस प्रकार किया ?

प्रश्न 14. यक्ष-युधिष्ठिर संवाद से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

अथवा

पुराणों में नर्मदा की उत्पत्ति का वर्णन किस प्रकार से किया गया है ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए-

(1) दीपक बाजार जा रहा है। (प्रश्न वाचक वाक्य)

(2) गणित का प्रश्न पत्र कठिन है। (निषेधात्मक वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(1) हर्षित शुद्ध गाय का दूध पीता है। (2) अमित को अनुत्तीर्ण होने की आशा है।

प्रश्न 16. दृश्य एवं श्रव्य-काव्य के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्रबंध -काव्य और मुक्तक काव्य में अंतर क्या है ?

प्रश्न 17. कवि ने बेटियों को गौरव कथाएँ क्यों कहा है ?

अथवा

'नक्षत्रों पर बैठे पूर्वज माप रहे उत्कर्ष' का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(1) चक्की पीसना, (2) आसमान चूमना, (3) उल्टी गंगा बहना।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

(1) पति-पत्नी का जोड़ा, (2) जिसकी उपमा न हो, (3) जो दूर की बात सोचता हो।

प्रश्न 19. शब्द शक्ति किसे कहते हैं? शब्द शक्ति के कितने प्रकार होते हैं ?

अथवा

उपमा अलंकार किसे कहते हैं ? उदाहरण भी दीजिए।

प्रश्न 20. रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है ? रीतिकाल के दो कवियों के नाम व रचना का नाम लिखिए। http://www.mpboardonline.com

अथवा

हिन्दी साहित्य के प्रथम युग का नाम वीरगाथा काल क्यों पड़ा?

प्रश्न 21. रिपोर्ताज क्या है ? गद्य साहित्य में इसका क्या महत्व है ?

अथवा

बाबू गुलाबराय के अनुसार निबंध की परिभाषा देते हुए हिन्दी साहित्य के दो निबंधकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 22. जयशंकर प्रसाद अथवा कबीरदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(1) दो रचनाएँ, (2) भावपक्ष एवं कलापक्ष, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. सियाराम शरण गुप्त अथवा श्री लाल शक्ल का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(1) दो रचनाएँ, (2) भाषा शैली, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए

मेरे ख्याल इतने खूबसूरत नहीं हैं
जिनको मैं फूलों-सी खूबसूरत तुम्हारी पलकों को
छुआ दूँ और ये तुम्हारे लिए
खूबसूरत सपने बन जाएँ।

अथवा

पग नूपुर औं पहुँची कर कंजनि मंजु बनी मनिमाल दिए,
नवनीत कलेवर पीत झंगा झलके पुलके नृप गोद, लिए।
अरबिंदु सो आनन रूप मरंदु अनन्दित लोचन-भंग दिये,
मनमो न वस्यो अस बालकु जौ तुलसी जग में फलु कौन।।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

कोई भी आधुनिक विचार आसमान से नहीं पैदा होता है। सबकी जड़ परंपरा में गहराई तक गई हुई है।सुंदर-से-सुंदर फूल यह दावा नहीं कर सकता कि वह पेड़ से भिन्न होने के कारण उससे एकदम अलग है। कोई भी पेड़ दावा नहीं कर सकता कि वह मिट्टी से भिन्न होने के कारण उससे एकदम अलग है। इसी प्रकार कोई भी आधुनिक विचार यह दावा नहीं कर सकता कि वह परंपरा से कटा हुआ है। कार्य-कारण के रूप में, आधार-आधेय के रूप में परंपरा की एक अविच्छेद्य श्रृंखला अतीत में गहराई तक बहुत गहराई तक गई हुई है।

अथवा

गाँवों का आदमी जाने कब से बाट जोह रहा है कि कोई आये और उससे भी कुछ ले जाये। उसका समग्र जीवन एक अनपढ़ी खुली किताब की तरह सामने बिछा है। उसका रहन-सहन, खान-पान, वस्त्राभूषण, आचार-विचार, रीतिरिवाज, विश्वास और मान्यताएँ, गीत और कथाएँ, नृत्य, संगीत और कलाएँ हमें कुछ-न-कुछ देने की क्षमता रखते हैं।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये-

भारत वर्ष में प्रत्येक सम्प्रदाय के लोग अपने-अपने धर्म और अपनी-अपनी संस्कृति के अनुसार जीवन व्यतीत करने में स्वतंत्र हैं। राष्ट्र किसी धर्म या संस्कृति में बाधक नहीं है और न एक सम्प्रदाय को दूसरे सम्प्रदाय के धर्म और संस्कृति में बाधक होना चाहिए। धर्म एकता का द्योतक है। उसे पार्थक्य का साधन नहीं बनाना चाहिए। जो सम्प्रदाय अपने धर्म का आदर चाहता है उसे दूसरे धर्म का आदर करना चाहिए। सब धर्म मूल में एक ही हैं और वे मनुष्य के साथ व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी सम्प्रदाय में सीमित नहीं हो सकता। इसलिए कबीर और गाँधी जैसे महात्माओं ने राम और रहीम की एकता मानी है।

प्रश्न-(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(ii) गद्यांश का सारांश लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 27. अपने मित्र को हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर एक बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न 28.(अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए-

(1) विज्ञान-वरदान या अभिशाप, (2) पुस्तकालय का महत्व, (3) भारतीय समाज में नारी का स्थान, (4) शिक्षित बेरोजगारी-कारण और निदान, (5) आंतकवाद।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की 50 शब्दों में रूपरेखा लिखिए-

(1) वन संरक्षण, (2) जीवन में कम्प्यूटर का महत्व, (3) राष्ट्रीय एकता व अखण्डता,

(4) जीवन में खेलों का महत्व, (5) दहेज प्रथा एवं नारी।